font>

Title: Need to declare Koelwar-Nazimabad-Darihat-Rohtas Fort road in Bihar as a National Highway-Laid.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा): अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के भोजपुर जिला से रोहतास जिला को जाने वाली मुख्य सड़क कोईलवर, अखिगांव, नजीमाबाद, सहारदनबार, नसीरीगंज, अभिआवर, दरिहत होते हुए डिहरी ओन सोन होते हुए रोहतास किला को जाने वाली मुख्य एक मार्गीय सड़क है। यह सड़क सोननद के किनारे होते हुए रोहतक भी पहुंचती है। इस क्रम में राट्रीय उच्च पथा 30 कोईलंवर से शुरू होकर राट्रीय उच्च पथ 2(शेरशाहसूरी पथ) को क्रास करती हुयी रोहतास जिले तक जाती है। यह सड़क उग्रवाद प्रभावित इलाके से होकर गुजरती है। इसकी लम्बाई लगभग 120 किलोमीटर है। अपराध करने के बाद असामाजिक तत्व आसानी से सोननद को पार कर दूसरे इलाके में चले जाते हैं1 आवागमन की अच्छी सुविधा नहीं होने के कारण पुलिस दस्ता भी समय से नहीं पहुंचता है1 आम जनता किसान, मजदूर और सम्पन्न लोगों को रहना अब असहाय हो गया है। लोग पलायन कर रहे हैं1 जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। उद्योग धंधे और खेती प्रभावित हो रही है लोगों का जीवन यापन करना कठिन हो रहा है।

अतः श्रीमान के माध्यम से भारत सरकार के भूतल परिवहन के माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि जनहित में इस लम्बी सड़क को राट्रीय उच्च पथ में अधिगृहीत करने की कृपा की जाये।

_____

<